भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 3465
सोमवार, 08 अगस्त, 2022/17 श्रावण, 1944 (शक)

स्टार्टअप्स में नौकरियों का नुकसान

3465. श्री अब्दुल खालेकः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इस कैलेंडर वर्ष के पहले छह महीनों में स्टार्ट-अप कंपनियों के 6000 से अधिक कर्मचारियों की नौकरी चली गई है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इस कैलेंडर वर्ष में स्टार्टअप कंपनियों में लगभग 20,000 कुल नौकरियों का नुकसान होने का अनुमान है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): स्टार्टअप इंडिया पहल दिनांक 16 जनवरी 2016 को सरकार द्वारा शुरू की गई थी। इस पहल के तहत, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा संस्थाओं को स्टार्ट-अप के रूप में मान्यता दी जा रही है। दिनांक 30 जून 2022 तक, डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप्स की कुल संख्या 72,993 थी और इन स्टार्ट-अप्स द्वारा उनकी स्व-रिपोर्ट के अनुसार, इन स्टार्ट-अप्स द्वारा सृजित रोजगारों की संख्या 7.68 लाख थी।

इसके साथ-साथ, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) की उपलब्ध वार्षिक रिपोर्टों के अनुसार, सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) वर्ष 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के दौरान क्रमश: 5.8%, 4.8% और 4.2% थी। यह बेरोजगारी दर में गिरावट की प्रवृति को दर्शाती है।

वर्ष 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) क्रमशः 47.3%, 50.9% और 52.6% था, जो रोजगार में बढ़ती प्रवृत्ति को दर्शाता है।

*****